झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
जिला स्तरीय कार्यालय : दुमका
खुट्टाबाँध, दुमका - 814101, झारखण्ड
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
Fax : (06434) 236230
Phone : (06434) 222086
Mobile : 9234063706
E-mail : jepssadumka@refimail.com

पत्रांक :....146....                                                                                  दिनांक :...10/02/26...

# झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय

## खुटाबांध, दुमका

## आम सूचना

## RTE 2009 की धारा 12(1)(C) के अंतर्गत 25% सीट में नामांकन से संबंधित

नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के अंतर्गत जिला के सभी गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (अल्पसंख्या को छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 25% सीट पर अभिवंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन लिया जाना है। 25% कोटि में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन कार्यालय पोर्टल **www.rtejepcdumka.in** पर दिनांक 14.02.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक 28.02.2026 के अपराह्न 05:00 तक भरा जायेगा एवं माता-पिता/ अभिभावक भरे गए आवेदन का प्रिंट निकालकर सभी दस्तावेजों को स्वअभिप्रमाणित करते हुए संबंधित विद्यालय में दिनांक 05.03.2026 के अपराह्न 02:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। गलत प्रमाण पत्र संलग्न किए जाने की संपूर्ण जवाबदेही माता-पिता/अभिभावक की होगी। माता-पिता/अभिभावकों द्वारा उपलब्ध कराए गए आवेदन एवं अभिलेखों/ प्रमाण-पत्रों की समुचित जाँचोपरांत तथा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के प्रावधानों के अनुरूप योग्य बच्चों का नामांकन संबंधित विद्यालय में लिया जायेगा। नामांकन हेतु विद्यालय का नाम, रिक्त सीट, योग्यता एंव आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी **www.rtejepcdumka.in** पर उपलब्ध है।

10.2.2026

Ashish ... 10/2/26

जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, दुमका

ज्ञापांक :- ....146..../ दुमका, दिनांक :- ....10/02/26....

प्रतिलिपि :-

1. जिला जन संपर्क पदाधिकारी, दुमका को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त आम सूचना को दिनांक 13.02.2026 को स्थानीय समाचार पत्र के संथाल परगना संस्करण में प्रकाशित कराने की कृपा करेंगे।
2. सभी गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के संचालक/ प्रधानाध्यापक को सूचनार्थ एवं इस निदेश के साथ प्रेषित कि अपने-अपने विद्यालय में आर.टी.ई. की धारा के अंतर्गत प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अपने आस पड़ोस के पोषक क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए निर्धारित तिथि तक आवेदन कराना सुनिश्चित करेंगे।
3. जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, दुमका को सूचनार्थ प्रेषित।
4. उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, दुमका की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

Ashish ... 10/2/26

10.2.2026

जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, दुमका

Aam Suchna_Razia_ 2025

Scanned with OKEN Scanner